भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 16.10.2025

आरेडिका ने स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत साफ–सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 5.0 के अन्तर्गत महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत सिविल विभाग तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों, अधिकारी विश्रामगृह गंधमादन, मंदार, वर्कर क्लव, केन्द्रीय विद्यालय, एडमिन कैंटीन, वर्कर कैंटीन, वर्कशॉप के सभी शॉपों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाए रहे हैं।

स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत स्टोर विभाग द्वारा स्टोर स्थल की साफ–सफाई की और इंवेन्ट्री के सुरक्षित रख–रखाव को सुनिश्चित किया इसके साथ ही फिनिशिंग शॉप में गहन स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर परिसर को स्वच्छ किया।

9 अक्टूबर 2025 को स्वच्छ आहार दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारी विश्रामगृह की कैंटीन, शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों, एडमिन कैंटीन, वर्कर कैंटीन आदि का निरीक्षण किया तथा विक्रेताओं को व्यक्तिगत कूड़ा–कचरा के निस्तारण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचने की सलाह दी। अपने आस–पास के परिसर का साफ–सुथरा रखने के लिए जागरूक किया।

आरेडिका द्वारा स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए संबंधित कार्य–क्रम ,नुक्कड़ नाटक स्वच्छता सेल्फी आदि का सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

16.10.2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी